## कुलपति महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 04 फरवरी 2014 को सम्पन्न उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की छठी बैठक का कार्यवृत्त :

**बैठक में निम्न सदस्यों ने प्रतिभागिता की :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1- | प्रो0 सुभाष धूलिया, कुलपति | - | अध्यक्ष |
| 2- | प्रो0 आर0सी0 पन्त, पूर्व कुलपति, कुमाऊँ विश्वविद्यालय | - | सदस्य |
| 3- | प्रो0 गोविन्द सिंह,निदेशक पत्रकारिता वि0शा0 एवं परीक्षा नियंत्रक | - | सचिव/सदस्य |
| 4- | प्रो0 आर0सी0 मिश्र, निदेशक, प्रबन्ध अध्ययन एवं वाणिज्य वि0शा0 | - | सदस्य |
| 5- | प्रो0 गिरिजा पाण्डे , निदेशक, समाज विज्ञान वि0शा0 | - | सदस्य |
| 6- | श्रीमती आभा गर्खाल,वित्त नियंत्रक | - | सदस्य |
| 7- | श्री संजय ध्यानी, उपकुलसचिव, | - | सदस्य |
| 8- | श्री एल0एस0 रावत, कुलसचिव | - | सदस्य |

परीक्षा नियंत्रक द्वारा परीक्षा समिति के अध्यक्ष की अनुमति से बैठक का शुभारम्भ किया गया तथा समिति के सम्मानित सदस्यों तथा उपस्थित अधिकारियों का अभिनन्दन तथा स्वागत करते हुए समिति के समक्ष प्रस्तुत कार्यसूची में उल्लखित प्रस्तावों पर विचार हेतु सदस्यों को आमंत्रित किया जिस पर बैठक में प्रस्तावावार चर्चा की गयी तथा निम्न निर्णय लिये गये।

**प्रस्ताव संख्या 6.1:-** परीक्षा नियंत्रक ने परीक्षा समिति को अवगत कराया कि परीक्षा समिति की पंचम बैठक के प्रस्तावों पर कोई संशोधन प्राप्त नहीं हुए हैं तथा निर्णयों पर कार्रवाई की गयी है। इस प्रकार परीक्षा समिति की पंचम बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक**

Examination Controller
Uttarakhand Open University
Haldwani (Nainital) UK.
5/3/2014

प्रस्ताव- 6.2

परीक्षा समिति की पंचम **बैठक** दिनांक 22 अक्टूबर,2012 के निर्णयों पर कृत कार्रवाई ।

| प्रस्ताव संख्या | मद | कार्रवाई |
|---|---|---|
| 1. | **परीक्षा समिति की पंचम बैठक के निर्णयों पर कृत कार्रवाई ।** | **कृत कार्रवाई का विवरण निम्नानुसार है:** |
| 2. | परीक्षा कार्यों के सफल सम्पादन हेतु सहायक परीक्षा नियंत्रक की संख्या में पुनः विचार करने के सम्बन्ध में। | **कार्रवाई** की जा चुकी है। |
| 3. | परीक्षा केन्द्रों के पूर्व निर्धारित आनुषंगिक व्यय दरों पर पुनर्विचार के सम्बन्ध में। | **कार्रवाई** की जा चुकी है। |
| 4. | परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों में आवश्यकतानुसार जनरेटर का उपयोग एवं उसके खर्च की स्वीकृति हेतु | **कार्रवाई** की जा चुकी है। |
| 5. | परीक्षा विषयक दरों के लिए डा0 मंजरी अग्रवाल समिति की सिफारिशों पर विचार एवं अनुमोदन । | उक्त प्रस्ताव में **कार्रवाई** की गयी एवं उक्त समिति के प्रस्ताव को निरस्त कर परीक्षा समिति में नये प्रस्ताव के रूप में रखा जा रहा है। |
| 6. | विकलांग विद्यार्थियों को परीक्षाओं में अतिरिक्त समय देने के सम्बन्ध में विचार एवं अनुमोदन । | **कार्रवाई** की जा चुकी है। |
| 7. | अन्य विषय, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से। | **कार्रवाई** की जा चुकी है। |

**कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक**

05/03/2014

Examination Controller
Uttarakhand Open University
Haldwani (Nainital) UK.

प्रस्ताव- 6.3

सत्रीय कार्य में छात्रों को 80 प्रतिशत से अधिक एवं 40 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त होने की स्थिति के सम्बन्ध में विचार ।

विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्रों द्वारा जिन छात्रों को सत्रीय कार्य में 80 प्रतिशत से अधिक एवं 40 प्रतिशत से कम अंक प्रदान किये जाते हैं, उनकी सूची व सत्रीय कार्य विश्वविद्यालय को प्रेषित किये जायेंगे। तत्पश्चात विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा उन छात्रों के सत्रीय कार्य दोबारा मूल्यांकित किये जायेगे। यह व्यवस्था पूर्ण रूप से सफल नही हो रही है। कुछ अध्ययन केन्द्र इसका पालन नहीं कर रहे है, जबकि कुछ बड़े केन्द्र एकमुश्त सत्रीय कार्य यहां भेज रहे हैं।

अतः परीक्षा समिति से अनुरोध है कि इस सम्बन्ध में विचार करने की कृपा करें।

निर्णय :

**इस सम्बन्ध में समिति ने निर्णय दिया कि यदि किसी छात्र को 80 प्रतिशत से अधिक अंक या 40 प्रतिशत से कम अंक सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र के द्वारा दिये जाते हैं तो परीक्षक सत्रीय कार्य मूल्यांकन के दौरान सत्रीय कार्य पर दिये गये अंकों के साथ ही प्राप्त प्राप्तांकों का औचित्य भी स्पष्ट करें। इसके उपरान्त भी यदि किसी छात्र के द्वारा शिकायत दर्ज की जाती है तो कुलपति से विशेष अनुमति लेकर सम्बन्धित छात्र के सत्रीय कार्य उनके अध्ययन केन्द्र से मंगवाकर जांच की जा सकती है परन्तु इस हेतु छात्र को रू0 200 प्रति सत्रीय कार्य की दर से शुल्क जमा करना होगा । इसके अतिरिक्त सत्रीय कार्य के सही मूल्यांकन हेतु भी सभी अध्ययन केन्द्रों को विश्वविद्यालय की ओर से सख्त निर्देश भेजे जायें ।**

**कार्यवाई : परीक्षा नियंत्रक**

5/3/2014

Examination Controller
Uttarakhand Open University
Haldwani (Nainital) UK.

**प्रस्ताव- 6.4**

**परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों में अन्य सहायक परिनिरीक्षक व अन्य कर्मचारियों को नियुक्त किये जाने एवं मानदेय के सम्बन्ध में विचार एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

अगस्त/सितम्बर 2013 की परीक्षा के दौरान देखने में आया है कि कुछ परीक्षा केन्द्रों पर छात्रों की संख्या अधिक होने पर परीक्षा केन्द्र द्वारा अन्य सहायकों की नियुक्ति की गयी और परीक्षा सफल रूप से सम्पन्न करायी गयी तथा पूर्व नियम से हटकर सहायक परीक्षा नियंत्रक तथा तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की संख्या में भी वृद्धि की गयी है। सम्भव हो सके तो इस सम्बन्ध में सहायक परिनिरीक्षक, सफाई कर्मचारी आदि नियुक्त किये जा सकते है। इस कार्य हेतु सम्भावित मानदेय निश्चित किया जाना आवश्यक है।

अतः परीक्षा समिति से अनुरोध है कि इस सम्बन्ध में विचार कर अनुमोदन देने की कृपा करें।

**निर्णय-:**

**समिति ने निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों की संख्या 200 से अधिक होने पर 02 सहायक केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किए जाएं। इसके अतिरिक्त परीक्षार्थी संख्या 200 तक 01 तृतीय श्रेणी कर्मचारी एवं 200 या उससे अधिक छात्रों पर 02 तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति की जा सकती है। साथ ही 01 सफाई कर्मी भी नियुक्त किया जाए।**

**कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक**

5/3/14

Examination Controller
Uttarakhand Open University
Haldwani (Nainital) UK.

**प्रस्ताव- 6.5**

**निश्चित समय के अन्तराल तक सत्रीय कार्य के अंक प्राप्त न होने पर लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर सत्रीय कार्य के अंक अंकित किये जाने वाले प्रस्ताव को निरस्त करने पर विचार एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में ।**

पूर्व में छात्रों के हित को देखते हुए यह व्यवस्था की गयी थी कि जिन छात्रों के सत्रीय कार्य के अंक विश्वविद्यालय के परीक्षाफलों की घोषणा तक प्राप्त नहीं होंगे, उन छात्रों के अंक लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर दे दिये जायेंगे और जो छात्र सत्रीय कार्य में प्राप्त अंकों को पुनः अंकित कराना चाहते हैं तो वे रू0 100 जमा करके सत्रीय अंक बाद मे प्रविष्ट करा सकते हैं। परन्तु वर्तमान में इस कारण प्रत्येक दिन इस कार्य हेतु छात्रों से एवं अध्ययन केन्द्रों के द्वारा शिकायत की जा रही है जिससे कार्य पूर्ण करने पर बाधा उत्पन्न हो रही है। इसी कारण अंकतालिका प्रेषित करने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। इन स्थितियों को देखते हुए यह परिवर्तन करना उचित होगा कि जब तक छात्र सत्रीय कार्य जमा नहीं करेगा, तब तक उस छात्र के अंक प्रविष्ट नहीं किये जायेगे तथा छात्र द्वारा विलम्ब शुल्क रू0 100 जमा करके ही वह अपने अंक अंकित करवायेगा एवं साथ ही अंकतालिका प्राप्ति हेतु रू0 200 की धनराशि का भुगतान भी करेगा। यदि सत्रीय कार्य के अंक अध्ययन केन्द्रों के द्वारा प्रविष्ट नहीं किये जाते हैं तो इस स्थिति में रू0 100 की कटौती सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र के शेयर खाते से कटौती करने के उपरान्त अंक प्रविष्ट किये जायेंगे।

अतः समिति से अनुरोध है कि इस प्रस्ताव पर विचार कर अनुमोदन करने की कृपा करें।

**निर्णयः-**

**इस सम्बन्ध में समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।**

5/3/14
Examination Controller
Uttarakhand Open University
Haldwani (Nainital) UK.

**कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक**

**प्रस्ताव- 6.6**

**समस्त विद्याशाखाओं के पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक परीक्षा, मौखिक परीक्षा एवं परियोजना कार्य के मूल्यांकन कार्य आदि हेतु परीक्षकों को दिये जाने वाले मानदेय एवं उक्त परीक्षा हेतु पर्यवेक्षक की नियुक्ति हेतु विचार एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

जिन पाठ्यक्रमों में प्रयोगात्मक परीक्षा, मौखिक परीक्षा एवं परियोजना कार्य मूल्यांकन हेतु परीक्षकों को दी जाने वाली जो धनराशि संस्तुत है, उसकी छायाप्रति संलग्न है।

मनोविज्ञान, प्रबन्धन, शिक्षाशास्त्र एवं विज्ञान विद्याशाखाओं ने अपने पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित शुल्क के आधार पर कुलपति जी से अनुमोदन प्राप्त कर इस सत्र की परीक्षाएं आयोजित कराई है। इस सम्बन्ध में उचित होगा कि समस्त पाठ्यक्रमों हेतु निश्चित मानदेय निर्धारित किया जाये। वर्तमान में सभी विभागों की मानदेय दरें अलग-अलग है।

प्रयोगात्मक परीक्षा एवं मौखिक परीक्षा हेतु एक पर्यवेक्षक नियुक्त करने पर भी विचार किया जाना उचित होगा।

अतः समिति से अनुरोध है कि उक्त प्रस्ताव पर विचार कर अनुमोदन करने की कृपा करें।

**निर्णयः-**

**समिति ने इस सम्बन्ध में निर्देशित किया कि प्रयोगात्मक परीक्षा/मौखिक परीक्षा हेतु वाह्य/आन्तरिक परीक्षक को रू0 न्यूनतम 1000 प्रति प्रतिदिन। छात्र संख्या 70 से अधिक होने पर रू0 15/- प्रति छात्र की दर से भुगतान किया जायेगा।**

**प्रयोगात्क परीक्षा हेतु प्रयोगाशाला सहायक व लैब बियरर को पारिश्रमिक का भुगतान तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को परीक्षा के दौरान दिये जाने वाले मानदेय के अनुसार यथा तृतीय श्रेणी रू0 80+50 =130 व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रू0 50 + 50 = 100 प्रतिदिन के हिसाब से ही देय होगा।**

**प्रबन्धन विभाग** - परियोजना कार्य मूल्यांकन हेतु रू0 300 प्रतिछात्र की दर से एवं 01 परीक्षक को अधिकतम देय धनराशि रू0 3000 तक।

**विधि विभाग** - लघु शोध प्रबंध के गाइड के लिए रू0 300 प्रतिछात्र मानदेय एवं लघु शोध प्रबंधन के मूल्यांकन को रू0 300 प्रतिछात्र एवं 01 परीक्षक को अधिकतम देय धनराशि रू0 3000 तक ।

**समाज कार्य विभाग** - क्षेत्रीय कार्य हेतु रू0 50 प्रतिछात्र की दर से, पर्यवेक्षण हेतु रू0 100 प्रतिछात्र की दर एवं परियोजना कार्य मूल्यांकन हेतु रू0 100 प्रतिछात्र की दर से भुगतान किया जायेगा।

5/3/14

Examination Controller
Uttarakhand Open University
Haldwani (Nainital) UK.

**कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक**

प्रस्ताव- 6.7

**मांगी जाने वाली मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की छायाप्रति के लिए पूर्व निर्धारित शुल्क में परिवर्तन किये जाने के सम्बन्ध में ।**

यदि कोई छात्र अपनी उत्तर पुस्तिका की छायाप्रति मांगता है तो वर्तमान में उसके द्वारा रू0 100 जमा करने पर सम्बन्धित उत्तर पुस्तिका की छायाप्रति उसे दे दी जाती है। उत्तर पुस्तिका एक गोपनीय प्रपत्र है। परन्तु आर0टी0आई0 जैसे नियमों पर यह दिये जाने का प्रावधान है। केवल छात्र को अपनी ही उत्तर पुस्तिका की छायाप्रति दी जायेगी किसी भी दशा में अन्य छात्र की उत्तर पुस्तिका नहीं दी जायेगी। गोपनीय प्रपत्र होने के कारण उत्तर पुस्तिका की छायाप्रति दिये जाने हेतु रू0 100 शुल्क में परिवर्तन करते हुए रू0 500 शुल्क किया जाना उचित होगा।

अत: समिति से अनुरोध है कि इस सम्बन्ध में अनुमोदन करने की कृपा करें।

निर्णय:-

**समिति ने इस सम्बन्ध में निर्देशित किया कि परीक्षाफल घोषित होने के छः माह तक के भीतर रू0 200 प्रति उत्तर पुस्तिका जमा करने पर छात्र केवल अपनी उत्तर पुस्तिका की छायाप्रति प्राप्त कर सकता है।**

**कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक**

5/03/2014

Examination Controller
Uttarakhand Open University
Haldwani (Nainital) UK.

**प्रस्ताव- 6.8**

**विशेष परिस्थितियों में पुन: प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा आयोजित किये जाने हेतु निर्धारित नियम एवं पुन: शुल्क जमा कर परीक्षा आयोजित करवाने हेतु विचार एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

निश्चित प्रायोगात्मक परीक्षा एवं मौखिक परीक्षा तिथि के उपरान्त परीक्षार्थियों द्वारा पुन: परीक्षा करवाये जाने हेतु निवेदन किया जाता है। दूरस्थ शिक्षा होने के कारण विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में आयोजित प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा तिथि के बाद केवल 01 बार और परीक्षा करायी जा सकती है परन्तु इस परीक्षा के आयोजन हेतु विलम्ब शुल्क निर्धारित किया जाना आवश्यक होगा जिससे सम्बन्धित परीक्षा के आयोजन हेतु भुगतान धनराशि प्राप्त हो सके।

उक्त के आयोजन के उपरान्त किसी भी दशा में परीक्षा आयोजित नहीं करायी जायेगी। क्योंकि इस प्रक्रिया का प्रभाव परीक्षाफल एवं अंकतालिका के प्रेषण में पड़ेगा।

अत: समिति से अनुरोध है कि कृपया इस सम्बन्ध में विचार करने की कृपा करें।

**निर्णय:-**

**समिति ने इस सम्बन्ध में निर्देशित किया कि मौखिक/प्रायोगात्मक परीक्षा हेतु विलम्ब शुल्क रू0 250 के साथ अतिरिक्त शुल्क रू0 3000 (कुल रू0 3250) भुगतान किया जाना होगा।**

5/3/14
Examination Controller
Uttarakhand Open University
Haldwani (Nainital) UK.

**कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक**

## प्रस्ताव- 6.9

**परीक्षा शुल्क को आगामी परीक्षा में स्थानान्तरित करने पर विचार हेतु ।**

परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा शुल्क प्रवेश के साथ या परीक्षा आवदेन तिथि के दौरान जमा किया जाता है । जो परीक्षार्थी परीक्षा फार्म भरकर परीक्षा शुल्क जमा करते हैं, परन्तु परीक्षा में नहीं बैठते हैं,ऐसे परीक्षार्थियों का परीक्षा शुल्क आगामी परीक्षा हेतु स्थानान्तरित नहीं किया जायेगा। ऐसे परीक्षार्थियों को पुन: बैक परीक्षा शुल्क देकर परीक्षा देनी होगी। परन्तु यदि छात्र प्रवेश के समय परीक्षा शुल्क जमा करता है और परीक्षा फार्म नहीं भरता है तो उसकी शेष रही धनराशि आगामी परीक्षा में जोड़ ली जायेगी परन्तु वह परीक्षार्थी बैक परीक्षा देगा। बैक परीक्षा हेतु जो धनराशि कम पड़ेगी उसका भुगतान अतिरिक्त करना होगा।

अत: परीक्षा समिति से अनुरोध है कि इस सम्बन्ध में विचार करने की कृपा करें।

**निर्णय:-**

**समिति ने उपरोक्त प्रस्ताव पर संस्तुति करते हुए अनुमोदन दिया।**

**कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक**

5/3/14

Examination Controller
Uttarakhand Open University
Haldwani (Nainital) UK.

**प्रस्ताव- 6.10**

**परीक्षा के दौरान नकल में पकड़े गये छात्रों को निर्णय से पूर्व प्रवेश दिये जाने एवं निर्णय के उपरान्त शुल्क पर विचार एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में ।**

जो परीक्षार्थी नकल के दौरान पकड़े जाते हैं, उन्हें प्रवेश किस नियम के अन्तर्गत दिया जाए, ऐसे परीक्षार्थियों के लिए उचित होगा कि नकल समिति के निर्णय तक इन्हें अन्डरटेकिंग लेकर अगले सत्र हेतु प्रवेश दे दिया जाये। कमेटी के निर्णय पर जिन्हें क्षमादान मिला हो और जिन परीक्षार्थियों के विषय कोड की परीक्षा उस सत्र में निरस्त की गयी हो उनका प्रवेश स्वीकार कर लिया जाये । अन्य श्रेणी के परीक्षार्थियों का प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा और प्रवेश शुल्क वापस कर दिया जायेगा।

अतः समिति से अनुरोध है कि कृपया इस सम्बन्ध में विचार करने की कृपा करें।

**निर्णयः-**

**समिति ने उपरोक्त प्रस्ताव पर संस्तुति करते हुए अनुमोदन दिया। समिति द्वारा संस्तुति दी गयी कि ऐसे छात्रों से अन्डरटेकिंग लेकर केवल अस्थाई प्रवेश दिया जाय।**

5/3/14

Examination Controller
Uttarakhand Open University
Haldwani (Nainital) UK.

**कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक**

प्रस्ताव- 6.11

**विश्वविद्यालय परीक्षा के दौरान स्थानीय पर्यवेक्षकों को मानदेय के अतिरिक्त रू0 50 या अधिक लोकल कन्वेयेंस की स्वीकृति पर विचार एवं अनुमोदन।**

विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त स्थानीय पर्यवेक्षकों को वर्तमान में उनके आवास से परीक्षा केन्द्र तक लोकल कन्वेयेंस के रूप में आने जाने का रू0 50 या अधिक स्वीकृत किया गया है।

अतः समिति से अनुरोध है कि कृपया उक्त प्रस्ताव पर विचार कर अनुमोदन करने की कृपा करें।

**निर्णय:-**

**समिति ने इस सम्बन्ध में निर्देशित किया कि स्थानीय पर्यवेक्षकों हेतु अनुमन्य राशि प्रतिदिन रू0 100 तथा अधिकतम राशि रू0 300 तक ही देय होगी।**

**कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक**

5/3/14

Examination Controller
Uttarakhand Open University
Haldwani (Nainital) UK.

प्रस्ताव- 6.12

**विश्वविद्यालय परीक्षा के दौरान गोपनीय कार्यों हेतु यात्रा करने वाले तृतीय श्रेणी/चतुर्थ श्रेणी/ड्राइवर कर्मचारियों को डी0ए0 के अतिरिक्त अन्य मानदेय के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय परीक्षाओं के दौरान कर्मचारियों को गोपनीय कार्यों हेतु विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर भेजा जाता है, जिसका उन्हें केवल टी0ए0डी0ए0 भुगतान किया जाता है। भोजन व्यवस्था व रूकने इत्यादि का कोई मानदेय नहीं दिंया जाता है। कर्मचारियों द्वारा बार-बार मानदेय दिये जाने की मांग की जाती है। कृपया इन्हें परीक्षा गोपनीय कार्य हेतु भेजे जाने पर समुचित मानदेय दिये जाने पर विचार अपेक्षित है। **इसके अतिरिक्त**

परीक्षाओं के दौरान उत्तरपुस्तिकाओं के बंडलों को गाड़ी से उतरवाकर परीक्षा कक्ष तक लाने ले जाने हेतु व विभिन्न केन्द्रों में पहुचांने हेतु लेवर चार्जेज की कोई व्यवस्था नही है। उचित होगा कि इस कार्य हेतु भी उचित मानदेय या कुछ निश्चित धनराशि निर्धारित कर दी जाय।

अतः समिति से अनुरोध है कि इस सम्बन्ध में विचार करने की कृपा करें।

**निर्णय:-**

**समिति ने इस सम्बन्ध में निर्देशित किया कि परीक्षा कार्य में संलग्न तृतीय/चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों/ ड्राइवर कर्मचारियों को किसी स्थान पर रूकने पर रू0 300 प्रतिदिन की दर से दिया जायेगा। ड्राइवर को 2 कम्बल व 1 टॉर्च दी जायेगी। आवास पर रू0 300 प्रतिदिन से अधिक खर्च आने पर विशेष परिस्थितियों में ही फोन से परीक्षा नियंत्रक या विश्वविद्यालय के उच्च अधिकारी को स्थिति स्पष्ट करते हुए तथा कार्यालय पहुंचकर बिल लगाकर कुलपति महोदय से विशेष अनुमति लिये जाने पर अतिरिक्त धनराशि का भुगतान किये जाने पर अनुमोदन दिया।**

**लेबर चार्जेज गर्वमेन्ट/राज्य सरकार के नियमों के तहत ही दिये जाने पर अनुमोदन किया गया।**

**कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक**

5/3/14
Examination Controller
Uttarakhand Open University
Haldwani (Nainital) UK.

प्रस्ताव- 6.13

ओ0एम0आर0 उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु नियुक्त किये गये मूल्यांकनकर्त्ता के भुगतान पर विचार एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ओ0एम0आर0 उत्तरपुस्तिकाओं में होने वाली परीक्षाओं के मूल्यांकन हेतु नियुक्त किये गये मूल्यांकन कर्त्ता को प्रति उत्तरपुस्तिका के आधार पर पारिश्रमिक दिये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत है।

अतः समिति से अनुरोध है कि कृपया प्रस्ताव पर विचार कर अनुमोदन देने की कृपा करें।

निर्णय-:

**समिति ने रू0 01 प्रति ओ0एम0आर0 उत्तरपुस्तिका की दर से पारिश्रमिक की स्वीकृति प्रदान की। लेकिन ओ0एम0आर0 उत्तरपुस्तिका की रैनडम चैकिंग भी की जाए। मूल्यांकनकर्ता व सम्बन्धितों की जवाबदेही भी तय की गयी ताकि ओ0एम0आर मूल्यांकन में किसी प्रकार की त्रुटि न हो।**

**कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक**

5/3/14

Examination Controller
Uttarakhand Open University
Haldwani (Nainital) UK.

**प्रस्ताव- 6.14**

**विवरणिका के पेज न0 'L' में परीक्षाओं में सम्मिलित होने की पात्रता एवं अनिवार्यता के संशोधन के सम्बन्ध में ।**

विवरणिका के **पेज न0** 'L' में दिया गया है कि अनुपस्थित छात्र को लिखित परीक्षा में कोई अंक नहीं दिये जायेंगे। अगर कोई छात्र पूरी परीक्षा में अनुपस्थित रहता है तो उसे उस वर्ष के लिए निर्धारित सभी विषयों में अपना पंजीकरण पुन: कराना होगा तथा प्रवेश एवं परीक्षा सम्बन्धी समस्त शुल्क का भुगतान भी करना होगा, यह दूरस्थ शिक्षा के अनुरूप नही लगता है इस में संशोधन अपेक्षित है।

अत: समिति से अनुरोध है कि इस सम्बन्ध में संशोधन करने की कृपा करें।

**निर्णय-:**

**इस सम्बन्ध में समिति ने निर्देशित किया कि यदि छात्र पूरी परीक्षा में अनुपस्थित रहता है तो उसे सम्बन्धित कक्षा के लिए पुन: पंजीकरण करवाना नहीं होगा और न ही प्रवेश सम्बन्धी शुल्क का भुगतान करना होगा। छात्र को केवल उस वर्ष के लिए रू0 200 बैक परीक्षा शुल्क के साथ बैक फार्म भरके परीक्षा देनी होगी, साथ ही वह अगले वर्ष की परीक्षा हेतु आवदेन कर सकता है।**

5/3/14
Examination Controller
Uttarakhand Open University
Haldwani (Nainital) UK.

**कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक**

## प्रस्ताव- 6.15

**विश्वविद्यालय परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र को दिये जाने वाले आनुषंगिक व्यय में विचार कर संशोधन के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय नियमानुसार परीक्षा केन्द्र को अधिकतम रू0 3000 आनुषंगिक व्यय भुगतान किया जाता है। परन्तु बड़े परीक्षा केन्द्रों में छात्रों की संख्या अधिक होने से उन केन्द्रों में देय राशि कम हो रही है जिससे परीक्षा के दौरान अनेक कठिनाइयां उत्पन्न हो रही है।

अतः समिति से अनुरोध है कि कृपया प्रस्ताव पर विचार करने की कृपा करें।

**निर्णय-:**

**समिति ने इस सम्बन्ध में निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्र पर छात्र संख्या 500 तक रू0 3000 तथा इससे अधिक छात्र संख्या होने पर अधिकतम रू0 5000 भुगतान किये जाने का अनुमोदन किया गया।**

**कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक**

5/3/14

Examination Controller
Uttarakhand Open University
Haldwani (Nainital) UK.

**प्रस्ताव- 6.16**

**परीक्षा के समस्त प्रपत्रों को विनष्ट किये जाने पर विचार एवं अनुमोदन ।**

परीक्षा के समस्त प्रपत्रों उत्तरपुस्तिकाओं, परियोजना कार्य, प्रयोगात्मक उ0पु0, उपस्थिति प्रपत्र एवं अन्य गोपनीय प्रपत्र को विनष्ट किये जाने हेतु समय एवं उचित नियम लागू करना अति आवश्यक है । जिससे उक्त प्रपत्रों को एक निश्चित समय के अन्तराल के बाद विनिष्ट कर दिया जाये।

अतः समिति से अनुरोध है कि कृपया प्रस्ताव पर विचार कर अनुमोदन करने की कृपा करें।

**निर्णय-:**

**समिति ने इस सम्बन्ध में निर्देशित किया कि कुलपति जी के संज्ञान में लेते हुए समिति का गठन किया जाय। समिति द्वारा कुमांऊ विश्वविद्यालय एवं गढ़वाल विश्वविद्यालय से विनष्टीकरण से सम्बन्धित प्रपत्रों को उपलब्ध कराया जाय। उसी के उपरान्त आवश्यक कार्रवाई किये जाने पर अनुमोदन अपेक्षित होगा।**

**कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक**

5/3/14

Examination Controller
Uttarakhand Open University
Haldwani (Nainital) UK.

प्रस्ताव - 6.18

**परीक्षा के दौरान SIS में अंकों की प्रविष्टि, चैकसम एवं टेबुलेशन कार्य हेतु मानदेय निर्धारित किये जाने के सम्बन्ध में।**

परीक्षा के दौरान SIS में अंकों की प्रविष्टि करायी जाती है और अंकों की प्रविष्टि के बाद टेबुलेशन का कार्य किया जाता है इस हेतु कोई भी मानदेय देय नही होता है। इस कार्य हेतु मानदेय निर्धारित किया जाना उचित होगा।

अतः समिति से अनुरोध है कि कृपया प्रस्ताव पर विचार कर अनुमोदन करने की कृपा करें।

**निर्णय-:**

**समिति ने इस सम्बन्ध में निर्देशित किया कि कुमांऊ विश्वविद्यालय एवं गढ़वाल विश्वविद्यालय से इस विषय हेतु जानकारी ली जाये और कमेटी गठित करके निर्णय लिये जाने पर अनुमोदन किया गया ।**

**कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक**

5/3/14

Examination Controller
Uttarakhand Open University
Haldwani (Nainital) UK.

**प्रस्ताव - 6.19**

**अन्य विषय, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से ।**

1. **समिति ने अनुमोदन दिया कि परीक्षाफल घोषित होने के 01 माह के भीतर तक पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन किया जा सकता है।**

अन्त में अध्ययक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक समाप्त की गयी।

**कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक**

Examination Controller
Uttarakhand Open University
Haldwani (Nainital) UK
5/3/14